हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

07 ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक ...



08 महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया



खबर संक्षेप

### नलखेड़ा मंडी सचिव का हृदयघात से निधन



**नलखेड़ा।** नलखेड़ा कृषि उपज मंडी में सचिव पद पर पदस्थ आनंदसिंह ठाकुर का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह नगर देवास में किया गया। नलखेड़ा कृषि उपज मंडी सचिव आनंदसिंह ठाकुर का सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जब वे मंडी परिसर में अपने निवास सो रहे थे। आकस्मिक रूप से हृदयाघात हुआ। इस दौरान उनके पास उनका वाहन चालक ही था। स्व ठाकुर के निधन के समाचार मंडी कर्मचारियों को मंगलवार तड़के मिला और वे तत्काल मंडी में पहुंचे एवं चिकित्सक को दिखाया गया जिन्होंने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंडी कर्मचारियों द्वारा उनके शव को एक निजी एम्बुलेंस के माध्यम से उनके गृह नगर देवास ले जाया गया। स्व ठाकुर की शव यात्रा मंगलवार को सुबह 11 बजे से उनके निज निवास चामुण्डापुरी राधागंज देवास से निकली एवं मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### 25 दिसंबर तक आयोजित होंगे शिविर

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर 2025 अंतर्गत आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं विभिन्न जन सेवाओं की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये तीन दिवसीय शिविर 23 से 25 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इन विशेष शिविरों का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में किया जाएगा। शिविरों में नागरिकों की शिकायतों का निराकरण, जन सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर यथा संभव त्वरित सेवाएं प्रदान की जाएंगी, ताकि ग्रामीण नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सके। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सभी जनपदों के सीईओ को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जनपद अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में निर्धारित अवधि के दौरान विशेष शिविरों का अनिवार्य रूप से आयोजन सुनिश्चित करें।

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीहोर जनपद पंचायत में 1 बजे सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रदर्शनियां एवं स्टॉल लगाए जाएंगे और उपभोक्ताओं को उनके हितों तथा अधिकारों के बारे जानकारी दी जाएगी एवं जागरूक किया जाएगा।

## झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे गांव के लोगों की सेहत

# उपस्वास्थ्य केंद्रों पर ताले, मजबूरी में करा रहे निजी क्लीनिकों पर इलाज

सरकारी व्यवस्था के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे एएनएम/सीएचओ की उपलब्धता और प्राथमिक इलाज की सुविधा होनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि सप्ताह के अधिकांश दिन केंद्र बंद रहते हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ और निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावे जमीनी हकीकत में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। भैरूंदा तहसील के कई गांवों में बने उप स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित रूप से ताले लटके रहने से ग्रामीणों को इलाज के लिए या तो तहसील मुख्यालय के अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है, या फिर मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ रहा है। सरकारी व्यवस्था के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे एएनएम/सीएचओ की उपलब्धता और प्राथमिक इलाज की सुविधा होनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि सप्ताह के अधिकांश दिन केंद्र बंद रहते हैं। इससे गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को समय पर इलाज और दवाएं नहीं मिल पा रहीं।

**रीठवाड़ और तिलाडिया में हालात बदतर, लगे मिले ताले:** भैरूंदा तहसील क्षेत्र के रीठवाड़ और तिलाडिया गांवों के उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आए दिन ताले लटके दिखाई देते हैं। सोमवार को भी दोपहर 12:44 बजे रीठवाड़ और 1:18 बजे तिलाडिया उप स्वास्थ्य केंद्र बंद मिले। ग्रामीणों के अनुसार यहां पदस्थ सीएचओ और एएनएम सप्ताह में महज एक-दो दिन ही पहुंचती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एएनएम कार्यकर्ता सिर्फ टीकाकरण के समय केंद्र पर आती हैं। इससे गर्भवती महिलाओं का सीमित टीकाकरण तो हो जाता है, लेकिन बच्चों का समय पर टीकाकरण, वायरल फीवर, सर्दी-खांसी जैसी सामान्य बीमारियों का इलाज और दवाओं की उपलब्धता नहीं हो पाती।

### ग्रामीणों की मांग रोजाना खुले उप स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से सेवा उपलब्ध हो



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एएनएम कार्यकर्ताओं का रोस्टर बनाया जाता है और उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा जाता है। वहीं ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि यदि रोस्टर है, तो फिर उप स्वास्थ्य केंद्र अधिकांश दिन बंद क्यों रहते हैं और नियमित सेवाएं क्यों नहीं मिल पा रहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि उप स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित रूप से स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं, बच्चों और मरीजों को समय पर इलाज और दवाएं मिल सकें। वरना स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम के रह जाएंगे और गांवों की सेहत यूं ही झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे चलती रहेगी।

### क्या बोले विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी

सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने बताया कि तीन दिन तो उप स्वास्थ्य केंद्र पर सीएचओ और एएनएम को रहना अनिवार्य है, मीडिया के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में जानकारी ली जाएगी।

### इलाज के लिए मुख्यालय की दौड़, बढ़ा आर्थिक बोझ

उप स्वास्थ्य केंद्र बंद रहने से ग्रामीणों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल भैरूंदा जाना पड़ता है। दूरी, समय और यात्रा खर्च के कारण गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई बार तत्काल इलाज न मिलने की स्थिति में लोग झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को मजबूर हैं, जो ग्रामीणों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।

## सत्य सांई यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम व व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर के स्कूल ऑफ होम्योपैथी में बीएचएमएस सत्र 2025 के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ हेमंत शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर, प्राचार्य डॉ अनीस फातिमा एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ उमेश पांडे विशेष रूप से शामिल हुए। इसमें कुलसचिव हेमंत शर्मा ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों ने नव प्रवेशित छात्रों को चिकित्सा शिक्षा की गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। अपने संबोधन में डॉ संजय राठौर ने कहा कि व्हाइट कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और नैतिकता का प्रतीक है। विद्यार्थियों को इसे सम्मान और ईमानदारी के साथ धारण करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक छात्र को मंच पर बुलाकर व्हाइट कोट पहनाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को डॉक्टर्स शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने मानवता की सेवा, चिकित्सा मूल्यों के पालन और रोगियों के हित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए, जिन्होंने आयोजन को बच्चों के करियर की महत्वपूर्ण शुरुआत बताते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में डॉ सुसेन थॉमस द्वारा अतिथियों, शिक्षकों, डॉक्टरों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंकित नवगीत जोशी के द्वारा किया गया।

# वेयरहाउस सौदे में 24.19 लाख की स्टांप ड्यूटी चोरी, ईओडब्ल्यू की एफआईआर

### कागजों की साजिश से सरकारी खजाने पर वा,: कागजों में खेल, जमीन पर बड़ा घोटाला

**सीहोर।** जिले के ग्राम उदयपुरा में स्थित एक वेयरहाउस और उससे जुड़ी भूमि अब सरकारी राजस्व लूट के बड़े मामले की मिसाल बन चुकी है। वर्ष 2019 में यह संपत्ति यूको बैंक, भोपाल द्वारा सरफेसी अधिनियम के तहत नीलामी में बेची गई थी। उस समय 1.320 हेक्टेयर भूमि पर बने करीब 2768.38 वर्ग मीटर के वेयरहाउस का बाजार मूल्य लगभग पांच करोड़ रुपये दर्शाया गया था और नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी व पंजीयन शुल्क अदा किया गया। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह एक सोची-समझी साजिश की कहानी बन गया। वर्ष 2021 में उसी संपत्ति को जानबूझकर गलत तथ्यों और भ्रामक दस्तावेजों के सहारे दो अलग-अलग विक्रय पत्रों में मात्र 96.51 लाख रुपये में बेच दिया गया, जिससे सरकारी खजाने को गहरी चोट पहुंची।

### दो विक्रय पत्र, एक संपत्ति और झूठ का जाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच में सामने आया कि एक ही संपत्ति को दो अलग-अलग विक्रय पत्रों के माध्यम से एक ही क्रेता को बेचा गया। एक दस्तावेज में भूमि को सिंचित कृषि भूमि बताया गया, जबकि दूसरे में वेयरहाउस का क्षेत्रफल मात्र 418 वर्ग मीटर दिखाया गया। वास्तविकता इससे कोसों दूर थी। बाजार मूल्य को जानबूझकर बेहद कम दर्शाकर स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क में भारी कटौती की गई। यह केवल कागज़ी गलती नहीं, बल्कि शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की सुनियोजित कोशिश थी। जांच में यह भी उजागर हुआ कि पंजीयन के समय पूर्व में हुए वास्तविक और उच्च मूल्य वाले विक्रय पत्र का उल्लेख तक नहीं किया गया।

### स्थल निरीक्षण ने खोली सच्चाई

जब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संपत्ति का भौतिक सत्यापन कराया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। स्थल निरीक्षण में पाया गया कि वेयरहाउस का वास्तविक क्षेत्रफल लगभग 2306.70 वर्ग मीटर है, जो विक्रय पत्रों में दर्शाए गए 418 वर्ग मीटर से कहीं अधिक है। जांच में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला जिससे यह माना जा सके कि वेयरहाउस को तोड़ा गया था या उसका क्षेत्रफल कम हुआ था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि दस्तावेजों में जानबूझकर झूठे तथ्य दर्ज किए गए। यही झूठ सरकार को करीब 24.19 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क की सीधी हानि का कारण बना।

### ईओडब्ल्यू की कार्रवाई कानून का शिकंजा

दस्तावेजी साक्ष्यों, पंजीयन विभाग की रिपोर्ट और स्थल निरीक्षण के निष्कर्षों के आधार पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने इस पूरे मामले को आपराधिक षड्यंत्र मानते हुए **FIR** दर्ज की है। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 120-बी, 467, 468 और 471 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस मामले में डॉ. रमन गोवर्धन अरोरा, मेसर्स कॉमकाक्स कमोडिटी एण्ड इंस्पेक्शंस प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े व्यक्ति, सुरेश प्रसाद कौशल, मेसर्स दर्पण रायपुर सहित अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। **EOW** की यह कार्रवाई उन सभी के लिए चेतावनी है, जो कागज़ों के खेल से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचते हैं। जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस घोटाले की परतें और भी खुलने की संभावना है।

# आयोजन: मां बगलामुखी के आंगन में संगीतमयी सुंदरकांड पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मंगलवार को कनासिया से पहुंचे श्री रामेष्ट सुंदरकांड मंडल द्वारा प्रातः से मां बगलामुखी मंदिर के बाहर स्थित डोम में संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रतुति दी गई। इन भजनों पर सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ पहुंचने वाले भक्त स्वयं को थिरकने से नही रोक पाए। भक्त इन भजनों पर जमकर झूमते रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा सुंदरकांड का धर्म लाभ भी लिया गया। मां बगलामुखी भक्त मंडल के मनीष नारेलिया ने सुंदरकांड मंडल के सदस्यों का पुष्पहारों से स्वागत किया।

# बहू-बेटियों को घूंघट से निकालें और शिक्षा से जोड़ें : जाट महासभा



**सीहोर।** शहर के मोर गार्डन में अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा एक भव्य सामाजिक सम्मेलन एवं नियुक्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब और वीर तेजाजी महाराज के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर समाज के संगठन को मजबूती देने के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई, जिसमें देवीलाल बेड़ा धोलपुर को जिले की कमान सौंपी गई।

मीडिया प्रभारी एवं युवा प्रदेश सचिव पत्रकार धनंजय जाट ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर, महिला प्रदेश अध्यक्ष अजुध्या गोदारा और युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा सम्मिलित हुए। अतिथियों के आगमन पर समाजजनों ने आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर तेजाजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और महाआरती के साथ हुआ।

**नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व** :महासभा ने संगठन का विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियां कीं। सीहोर जिलाध्यक्ष पद पर देवीलाल बेड़ा को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अन्य नियुक्तियां भी की गईं जिनमें कमल मुहवाल हरदा जिलाध्यक्ष, अनिल डुडी हरदा युवा जिलाध्यक्ष, नारायण जाट आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष, सीमा अनिल जाट महिला इकाई आष्टा अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। अतिथियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई।

**घूंघट प्रथा बंद हो और बेटियां पढ़ें** : महिला प्रदेश अध्यक्ष अजुध्या गोदारा ने समाज में सुधार का आह्वान करते हुए घूंघट प्रथा को पूर्ण रूप से बंद करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बहू-बेटियों को समान अधिकार दें और उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाएं। वहीं राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर ने युवाओं से व्यवसाय और राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की अपील की।

**जाट समाज बुद्धिजीवी और कर्मठ** : प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जाट समाज अत्यंत बुद्धिजीवी और दृढ़निश्चयी होता है। यदि जाट समाज कुछ ठान लेए तो उसे पूरा किए बिना नहीं रुकता। युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा ने खुशी जताई कि आज समाज की युवा पीढ़ी खेती के साथ-साथ शासकीय सेवाओं और उच्च पदों पर भी अपनी पहचान बना रही है।

कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष सविता नारायण जाट, नगर अध्यक्ष राजू जाट, महेश जाट, अर्जुन पटेल, अंबाराम, भागीरथ पचार, राजेश पटेल, मुकेश भीचर, जयप्रकाश दुक्तावा, रामकिशोर मुन्दीयाड़ा, प्रीतम सिंह, श्याम सिंह, गणेश जाट, बलराम जाट, बाबूलाल और महेश बालाजी सहित समस्त जाट समाज ने अतिथियों का साफा बांधकर और धर्म पटिका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष नारायण जाट ने किया और आभार भागीरथ पचार द्वारा व्यक्त किया गया।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सम्मान सहित प्रदान किए पीपीओ

# सेवानिवृत्ति विराम नहीं, अनुभव को समाज से जोड़ने का अवसर है: कलेक्टर बालागुरू के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पीपीओ वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होना जीवन की सक्रियता पर विराम नहीं है। यह वह समय होता है जब व्यक्ति अपने सेवा काल में अर्जित अनुभवों को समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोग में ला सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन निरंतर कर्म से चलता है और सेवा भावना किसी पद या दायित्व की मोहताज नहीं होती।

समारोह के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें पीपीओ प्रदान किए गए। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासकीय सेवकों ने वर्षों तक प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी अपने अनुभवों के माध्यम से परिवार, समाज और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान सीखी गई अनुशासन, समयबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा से समाज को भी दिशा मिलती है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद व्यक्ति सामाजिक सरोकारों, जनहित कार्यों, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता जैसी गतिविधियों से जुड़कर स्वयं को सक्रिय रख सकता है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को उनके समर्पित एवं सफल सेवाकाल के लिए बधाई दी और आगे भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहने की कामना की। कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के. ने कुल 27 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किए। कार्यक्रम में जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंघई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 108 संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ के साथ शुरू हुई भागवत कथा

**देवास।** स्टेशन रोड गजरा गियर चौराहे के पास स्थित नूतन नगर में श्री हरिबोल सेवा समिति, श्री वैकुण्ठ धाम, श्री राधाकृष्ण सेवा समिति एवं श्री पित्रेश्वर महिला मंडल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्री गयाजी तर्पण एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस आचार्य पं. देवराज शर्मा ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद की कथा, नरसिंह अवतार, और गजेंद्र मोक्ष जैसे प्रसंग सुनाए। आयोजन समिति के धर्मेंद्र सिंह परिहार, संजय बोर्डिया एवं अजय सेठिया ने बताया कि कथा की शुरूआत में बच्चों व हिन्दुओ को सनातन के प्रति जागृत करने के उद्देश्य से गुरु महाराज द्वारा 108 संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। जिसमें बडी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। समिति द्वारा आज दिनाक 24 दिसम्बर से 26 दिसंबर तक प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे श्री गयाजी तर्पण निशुल्क शुरू होगा। जिसमें शहर के नागरिक हिस्सा ले सकते है। महाराज श्री ने कहा कि जो निष्काम भक्ति, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास का संदेश देते हैं, साथ ही समुद्र मंथन और कपिल मुनि के उपदेशों से संसार सागर पार करने की प्रेरणा मिलती है। इस दिन भगवान के चौबीस अवतारों का वर्णन भी होता है, जो बताते हैं कि कैसे भगवान सज्जनों के उद्धार और दुर्जनों के संहार के लिए अवतार लेते हैं। ध्रुव चरित्र की कथा बताती है कि कैसे एक बालक ध्रुव ने अपनी सौतेली माँ के अपमान के बाद, केवल 5 वर्ष की आयु में कठोर तपस्या करके भगवान को प्राप्त किया. यह सिखाता है कि भक्ति के लिए उम्र या परिस्थिति मायने नहीं रखती, केवल दृढ़ संकल्प और ईश्वर पर विश्वास ज़रूरी है। कथा 28 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक चलेगी। अंतिम दिन 28 दिसंबर को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन समिति के दिलीप रघुवंशी, सुरेश चौहान, राधेश्याम परमार, वीरेंद्र सिंह राठौड़, रविंद्र ठाकुर, नरेंद्र परमार, कैलाश परमार, मदनमोहन श्रीवास्तव आदि ने अधिक से अधिक धर्मप्रेमियों से कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

### सोनोग्रॉफी सेंटर में एक्स-रे टेक्नीशियन नियमों के विरुद्ध कर रहा था सोनोग्राफी

# टीम ने देवास और क्षिप्रा में संचालित इन्दौर डायग्नोस्टिक सेंटर पर की कार्रवाई

कार्यवाही के दौरान मिली डॉ. करूणा पांडे होम्योपैथी चिकित्सक की एलोपैथी में पर्ची पर सोनोग्रॉफी की सलाह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशन एवं कलेक्टर ऋतुराजसिंह के मार्गदर्शन में जिले में संचालित प्रायवेट नर्सिंग होम,क्लीनिक और सोनोग्रॉफी पैथालॉजी सेन्टरों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को देवास में भगत सिंह मार्ग ,नगर निगम के सामने संचालित इन्दौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेन्टर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संतोष कोतकर व टीम को आकस्मिक निरीक्षण करने मंगलवार दोपहर 1.25 बजे भेजा गया वहां शासन के दिशा -निर्देशों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर सोनोग्राफी करने हेतु अयोग्य व्यक्ति जो स्वंय को एक्स-रे टैक्नीशयन बता रहा था के द्वारा महिला की सोनोग्राफी की जा रही थी जिसे मौके पर टीम ने पकडा,जो मौके से कार्यवाही के दौरान ही भाग गया। सेन्टर पर 5-7 महिलाएँ सोनोग्रॉफी कराने आई हुई थी जिनसे मोटी राशि ( 1000 से 1400 रूपये) जमा करवाकर नम्बर से बिठाया गया था। टीम को गम्भीर अनियमितता मिली अतः टीम द्वारा रिकार्ड जब्ती की तत्काल कार्यवाही करते हुए सभी महिलाओं द्वारा जमा राशि उन्हे वापस करते हुए सोनोग्रॉफी सेन्टर को बंद किया गया। सीएमएचओ डॉ बेक ने बताया कि सोनोग्रॉफी सेन्टर संचालनकर्ता डॉ पंकज गुप्ता हैं। टीम ने बताया कि इनका देवास जिले में देवास शहर सहित ग्राम क्षिप्रा में भी एक इन्दौर डायग्नोस्टिक सेन्टर के नाम से सेन्टर चलाया जा रहा है। टीम को तत्काल निर्देश दिये और टीम दोपहर 2.30 बजे क्षिप्रा सेन्टर पहुंची लेकिन सेन्टर बंद पाया गया। उक्त दोनो सेन्टर पर डॉ पंकज गुप्ता नही मिले इनके द्वारा शासन के नियम विरूद्व इन सेन्टरो का संचालन किया जा रहा है। योग्य चिकित्सक के द्वारा सोनोग्रॉफी नही करने एवं निरीक्षण की कार्यवाही के भय से दूसरे सेन्टर के बंद पाये जाने पर पंचनामा बनाकर इन सेन्टरों को तत्काल सील कर नोटिस चस्पा किये गये। नोटिस में उल्लेख है कि बिना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला देवास की अनुमति के सेन्टर का संचालन नही किया जावे और सेन्टरों की अनुमति संचालन सम्बंधी दस्तावेजों सहित कार्यालय में उपस्थित हों। डॉ. कोतकर ने बताया कि देवास में ही सोनोग्रॉफी सेन्टर इन्दौर डायग्नोस्टिक सेन्टर देवास में कार्यवाही के दौरान डॉ करूणा पांडे बीएचएमएस,बीएससी बायोटक्नॉलाजी की चिकित्सकीय पर्ची पर सोनोग्रॉफी लिखते हुए सील एवं साईन भी प्राप्त हुए किन्तु मरीज का नाम नही लिखा गया। जो पर्ची सोनोग्रॉफी कराने आई महिला गायत्री पति संदीप यादव के पास प्राप्त हुई। डॉ करूणा पांडे होम्योपैथी चिकित्सक है जबकि वे एलोपैथी में पर्ची पर सोनोग्रॉफी की सलाह लिख रही है, जो कि सर्वथा उनकी चिकित्सा पैथी का उल्लंघन है इस सम्बंध में जब टीम डॉ करूणा पाण्डे के क्लीनिक में पहुंची तो तत्काल शटर गिराकर ताला लगाकर अनजान व्यक्ति मौके से फरार हो गया। सीएमएचओ कार्यालय से निरीक्षण टीम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संतोष कोतकर, जिला मीडिया अधिकारी श्रुति गौर तोमर, उप जिला मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर, अजय डेविड, धीरज वाघमारे, सुशांतसिंह मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति के निर्देश पर खनिज व राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई

## रेत-गिट्टी से भरे 16 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सड़क सुरक्षा समिति के अंतर्गत कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान भोपाल रोड के सर्विस रोड एवं भोपाल बायपास पर खड़े रेत और गिट्टी से भरे ट्रैक्टर व डंपरों को जब्त किया गया।जिला खनिज अधिकारी रश्मि पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई के दौरान कुल 16 वाहन जब्त किए गए हैं, जो रेत और गिट्टी का परिवहन के दौरान सड़क किनारे खड़े होकर यातायात में बाधा उत्पन्न करते है। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा उद्देश्य से की गई है।

कार्रवाई के समय राजस्व विभाग का अमला भी मौके पर मौजूद रहा। राजस्व विभाग की ओर से तहसीलदार कपिल गुर्जर ने कार्रवाई का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क सुरक्षा पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

### सोनकच्छ में जीएसटी का बड़ा छापा, जगदीश मशीनरी व किसान जनरल स्टोर पर कार्रवाई



**भौरासा।** सोनकच्छ नगर में जीएसटी विभाग ने एक साथ बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए जगजीत मशीनरी और किसान जनरल स्टोर पर रेड की। दोनों ही दुकानें एक ही व्यापारी से संबंधित बताई जा रही हैं। कार्रवाई के दौरान सरिया, पाइप, सीमेंट तथा खेती किसानी से जुड़ी निर्माण सामग्री के स्टॉक की गहन जांच की जा रही है। विभागीय टीम ने दुकान और गोदाम में रखे माल का भौतिक सत्यापन कर उसे बिल-बुक और रिकॉर्ड से मिलना शुरू किया है। अधिकारियों का कहना है की जांच देर रात तक चल सकती है। एक साथ दो दुकानों पर हुई कार्रवाई से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया है फिलहाल जीएसटी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### उपायुक्त ने किया रसोई केंद्रों और साईं मंदिर स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण




**देवास।** मंगलवार को दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत संचालित साईं मंदिर एम.जी.रोड पर स्थित रसोई और बावड़िया क्षेत्र स्थित रसोई केन्द्रों का नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने औचक निरीक्षण कर संस्थाओं को भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साईं मंदिर स्थित रैन बसेरे के बंद होने पर केयर टेकर किशोर रामप्रसाद कुशवाहा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर पूछा कि कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने पर क्यों ना तीन दिन के वेतन की कटौती की जावे।निगम के एन.यू.एल.एम. विभाग के सिटी मैनेजर विशाल जगताप ने बताया कि उपायुक्त जाफरी ने रसोई केंद्रों और साईं मंदिर स्थित रैन बसेरे के औचक निरीक्षण के दौरान योजना केंद्रों पर रोटी को चखकर भोजन की गुणवत्ता भी देखी। उन्होंने रसोई केंद्र पर उपस्थित योजना के लाभार्थी मोहनलाल जायसवाल निवासी शाजापुर अकोदिया मंडी झंडा खेड़ा, लालमोहन निवासी पटेल नगर से चर्चा कर भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। 68 वर्षीय रमेश बोडाना जो बरखेड़ी पोस्ट ऑफिस में पानी भरने का कार्य करते हैं उनकी मासिक आय मात्र 365 रुपए प्रतिमाह है वह बावड़िया रसोई से भोजन प्राप्त करते है उन्होंने बताया कि इस रसोई की वजह से उन्हें सुविधा प्राप्त हुई है। उपायुक्त ने रसोई केंद्रों के संचालकों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को गरम भोजन ही परोसा जाए। निरीक्षण में एनयुएलएम शाखा से मुजफ्फर अली, हेमंत श्रीवास भी साथ थे।

### राजाराम नगर में विराट भजन संध्या 24 दिसम्बर को

**देवास।** धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से ओत-प्रोत वातावरण में देवास शहर में एक भव्य विशाल भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। भजन संध्या संस्था जय रणजीत द्वारा हृदय सम्राट सज्जल त्रिपाठी की स्मृति में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रदेश के सुप्रसिद्ध भजन गायकों की मधुर वाणी से श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। इस भजन संध्या में पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी का पावन सानिध्य में प्रमुख भजन गायक अमित जी धुर्वे अपनी सुमधुर भक्ति प्रस्तुतियों से हनुमान जी की महिमा का गुणगान के साथ सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं देवास के भजन गायक शर्मा ब्रदर्स देवास भी अपनी भावपूर्ण भजनों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। यह भव्य धार्मिक आयोजन बुधवार, 24 दिसंबर को बीमा रोड स्थित पायोनियर चौराहा राजाराम नगर में होगा। भजन संध्या सायं 6 बजे से प्रभु इच्छा तक होगी।

# प्रधान आरक्षक 10 हजार रिश्वत लेते हुआ ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मंगलवार शाम को लोकयुक्त टीम उज्जैन ने कोतवाली महिला थाना की महिला प्रधान आरक्षक शाहीन खान को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस अधीक्षक आनंद यादव लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने कार्रवाई के दौरान महिला थाना देवास की प्रधान आरक्षक 771 शाहीन खान को आज 10000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। लोकायुक्त की यह कार्रवाई 19 दिसंबर को आवेदक विशाल परमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत की गई थी कि मेरी पत्नी अर्चना के द्वारा महिला थाने में मारपीट एवं दहेज के संबंध में हमारी शिकायत की गई है उक्त शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने के लिए प्रधान आरक्षक शाहीन खान महिला थाना देवास के द्वारा 15000 की रिश्वत की मांग की जा रही है उक्त शिकायत का सत्यापन निरीक्षक दीपक के सेजवार के द्वारा किया गया शिकायत सत्य पाए जाने पर मंगलवार शाम को ट्रैप दल का गठन किया गया महिला थाना देवास की महिला प्रधान आरक्षक शाहीन खान को आवेदक विशाल परमार से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

# सेन थॉम एकेडमी और सेन थॉम पब्लिक स्कूल में बच्चों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सेन थॉम एकेडमी एवं इसकी सहोदर संस्था सेन थॉम पब्लिक स्कूल में भव्य क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया, जिससे पूरे परिसर में उल्लास और उत्साह का वातावरण छा गया। दोनों परिसरों को सुंदर सजावट, झिलमिलाती रोशनियों, क्रिसमस लाइट्स और अन्य साज-सज्जा से सुसज्जित एक भव्य एवं आकर्षक नैटिविटी क्रिब तथा क्रिसमस ट्री से सजाया गया था।समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई विविध मनमोहक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। कार्यक्रम में ऊर्जावान नृत्य, मधुर गीत एवं भावपूर्ण कैरोल्स प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने क्रिसमस की सच्ची भावना को जीवंत कर दिया। सांता क्लॉज और फरिश्तों के वेश में सजे विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं स्केट्स पहनकर प्रस्तुत किया गया विशेष नृत्यने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और वातावरण को रोमांच व आनंद से भर दिया।कार्यक्रम का एक और महत्वपूर्ण क्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विचारोत्तेजक नाटक रहा, जिसने ईश्वर में आस्था, एक-दूसरे के प्रति प्रेम तथा आपसी एकता का सशक्त संदेश दिया। बद्रीधाम नगर परिसर में दोनों संस्थानों की निदेशिका हेंसी थॉमस ने अपने क्रिसमस संदेश में प्रेम, सम्मान और करुणा के मूल्यों पर जोर देते हुए सभी से प्रेम करने, सभी का सम्मान करने और जरूरतमंदों की सहायता करने का आह्वान किया, तथा क्रिसमस की सच्ची भावना को महसूस करने और अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं भोपाल रोड परिसर में अकादमिक समन्वयक जॉनसन थॉमस ने अपने संबोधन में सकारात्मकता, शांति और सौहार्द का संदेश देते हुए क्रिसमस के वास्तविक अर्थ को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्राओं, अंशिता पटेल एवं इशाना चक्रवर्ती, ने किया।

### 18 उन्नतशील किसानों का किसान दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

# किसानों के सम्मान से ही देश बनेगा प्रगतिशील: डॉ. शर्मा







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कृषि विज्ञान केन्द्र, देवास में 23 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरीचरण सिंह के 123वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उन्नतशील कृषकों का सम्मान समारोह एवं कृषक दिवस का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में देवास जिले के विभिन्न गांवों के उन्नत किसानमोहन पटेल, खरेली, जगदीश नागर, मेढकी धाकड़, विष्णु पांचाल, राजोदा, जगपाल सिंह सिकरवार, ओमप्रकाश पटेल, नराना, भारत सिंह, आमला पिपल्या सहित 18 कृषकों को केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.पी. शर्मा द्वारा शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरीचरण सिंह का कहना था कि जब तक देश में किसान का सम्मान नहीं होगा, देश कभी भी उन्नतशील एवं प्रगतिशील नहीं बन सकता।

इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने केन्द्र सरकार की व्ही.बी. जी राम जी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल का संचय, कृषकों के खेतों को सड़क से जोड़ने के साथ-साथ 125 दिवस का रोजगार सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषकों को ऑनलाईन माध्यम से संबोधित किया।

आयोजित हुए कार्यक्रम में जिले के सम्मानित कृषकों द्वारा उनके द्वारा किए जा रहे नवाचार कार्यों के अनुभव अन्य कृषकों के साथ साझा किए गए तथा अन्य कृषकों से आग्रह किया गया कि खेती को अगर लाभ का धंधा बनाना है तो उन्नत तकनीकों को अपनाना ही पड़ेगा। इस कार्यक्रम में बरखेड़ा, मेढ़की धाकड़, डकाचिया, पोलाय, राजोदा आदि गांवों के लगभग 200 कृषकों ने भागीदारी की। साथ ही रेडी कार्यक्रम की छात्राओं द्वारा जैविक खेती एवं स्वच्छता कार्यक्रम पर नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसकी कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों द्वारा प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों जैसे बायफ, सहगल फाउंडेशन, ग्रासरूट फाउंडेशन आदि का बहुमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के. एस. भार्गव द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. महेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंदर कौर, वैज्ञानिक नीरजा पटेल, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी विनेश मुजाल्दा, विद्याभूषण मिश्रा, पवन कुमार राजपूत आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# वार्ड 12 के सातों मतदान केंद्र की मतदाता सूची प्रकाशित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विशेष गहन पुनरिक्षण 2026 निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन बीएलओ एवं बीएलए एवं अन्य के साथ मिलकर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री एवं वार्ड पार्षद राजेश यादव, कमल निगम, अशोक पोरवाल, केशव सोनी, जयेंद्र सिंह, रवि नागर सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति तथा बी एलओ श्रीमती ज्योति व्यास, ज्योति सोलंकी, कोमल चौहान, संगीता जाधव, संगीता बैरागी, आशा दुबे, मुदस्सर खान, गेंदा बघेला की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 12 के बूथ क्र. 126, 127, 128, 130, 131, 132, 133 मतदान केन्द्रो की मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। अब 23 दिसंबर से लेकर 22 जनवरी तक प्रतिदिन बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे जिन भी मतदाताओं को अपने नए नाम सूची में जुड़वाना है या पता बदलना है या किसी भी प्रकार का संशोधन है तो वह मतदान केंद्र जाकर बीएलओ से संपर्क कर अपना कार्य करवा सकता है। उपरोक्त जानकारी भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष अशोक पोरवाल द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप



### सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष हरीराम, कोषाध्यक्ष त्रिपाठी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय सेवा निवृत्त शिक्षक कलयाण परिषद की एक आवश्यक बैठक श्रीनृसिंह मन्दिर की धर्मशाला में शम्भूदयाल प्रान्तीय सदस्य एवं पर्यवेक्षक की अध्यक्षता एवं दशरथ प्रसाद रजक झांसी जिलामंत्री के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा निराकरणों के लिए योजनायें बनायी गयीं तथा ललितपुर जनपद के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से हरीराम खरे को जिला संयोजक/अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। साथ ही जिला सह संयोजक/मंत्री पद मुरलीधर यादव और कोषाध्यक्ष पद भाग्यचन्द त्रिपाठी को दिया गया। अन्त में झांसी जिलाध्यक्ष एवं माण्डलिक मंत्री लखनलाल सक्सेना द्वारा सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर प्रमाण पत्र दिये गये। इस दौरान सेवानिवृत्त अध्यापक एवं संगठन के संरक्षक अरविन्द कुमार तिवारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### शिक्षामित्रों की मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने एक ज्ञापन डीएम सत्यप्रकाश को सौंपा। बताया कि बीएलओ शिक्षामित्र हेमलता कुशवाहा का एम्स हॉस्पिटल भोपाल में ब्रेन हेमरेज का आपरेशन हुआ है। जिन्हें तत्काल धनराशि स्वीकृत कराई गई। इसके बाद शिक्षा मित्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसी स्थिति में प्रदेश के समस्त शिक्षामित्रों के आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। स्थानांतरण समायोजन प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें महिला एवं दिव्यांग शिक्षा मित्रों को नगर क्षेत्र के विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाए।

### तीन जनवरी को समिति करेगी कार्यक्रम आयोजन

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय पर अध्यक्ष गुलाबबाई सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में आगामी 3 जनवरी को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका व समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की जयन्ती मनाने पर विचार-विमर्श किया गया। समिति सचिव गीता सेन ने कहा कि सावित्री बाई फुले को देश की पहली अध्यापिका के रूप में जाना जाता है। सावित्री बाई फुले एक समाज सुधारक अध्यापिका, लेखिका और कवियित्री थीं। आधी आबादी के हक, सम्मान की लड़ाई जीवन पर्यन्त लडने वाली सावित्री बाई फुले के नाम से हर कोई परिचित होगा, पर क्या आप जानते हैं कि उन्होंने अपने जीवन के आखिरी समय को भी मानव जाति की सेवा में लगा दिया। उनके प्रयासों से संभव हो पाया कि स्त्रियों को अधिकार प्राप्त है।

---

### लेनदेन में दोस्त बना कातिल, रुपयों के लिए कर दिया मित्रता का कत्ल

# 20 हजार कर्ज और बीबी से बोला गलत दोस्त की गला दबाकर हत्या, आरोपी दबोचा



**ललितपुर।** जनपद के थाना नाराहट क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को पुलिस और स्वाट टीम ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मंगलवार को हत्या के वांछित आरोपी रामअवतार को जंगल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कर्ज और आपसी विवाद के चलते आरोपी ने अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतार दिया था।

#### क्या था मामला?

बीती 18 दिसंबर को दीपक प्रजापति नामक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने क्षेत्राधिकारी पाली के नेतृत्व में चार टीमें (नाराहट पुलिस, स्वाट और सर्विलांस) गठित की थीं। तकनीकी साक्ष्यों और धरातलीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने आज ग्राम कलौथरा के जंगल से अभियुक्त रामअवतार को धर दबोचा।

#### कर्ज और अपमान बना हत्या की वजह

पुलिस पूछताछ में आरोपी रामअवतार ने अपना जुर्म कबूल करते हुए चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपी ने बताया कि लेनदेन का विवाद आरोपी ने करीब 4-5 महीने पहले मृतक दीपक से 20 हजार रुपये उधार लिए थे। दीपक लगातार अपने पैसों की मांग कर रहा था, जिससे रामअवतार परेशान था। बीते18 दिसंबर की शाम पैसों की बात पर विवाद हुआ। रामअवतार दीपक को अपने घर ले गया, जहां दोनों ने साथ शराब पी। नशे की हालत में दीपक ने फिर से पैसे मांगे और आरोपी की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी कर दी। इसी बात से आक्रोशित होकर रामअवतार ने पहले दीपक को धक्का दिया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसने यह सुनिश्चित करने के लिए कि दीपक जीवित न बचे, उसके शव पर टायर और लकड़ी का तखता रख दिया और फरार हो गया।

#### ऑपरेशन कनविक्शन के अंतर्गत होगी सख्त सजा: पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण को ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित किया गया है। पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के माध्यम से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेगी ताकि माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके।
गिरफ्तार करने वाली संयुक्त टीम
एसओ पारुल चंदेल (थानाध्यक्ष नाराहट) व टीम व उ.नि. अतुल तिवारी (प्रभारी स्वाट) व टीम, उ.नि. अरुण पवार (प्रभारी सर्विलांस) व टीम शामिल रहे।

## शादी के छह माह बाद जेवरात और नकदी लेकर दुलहन हो गई फुर्र

**ललितपुर।** लुटेरी दुल्हन का कहर ललितपुर क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। गांव क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार ने मध्य प्रदेश की एक महिला पर शादी के बाद घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी धोखे से उठाकर मायके ले जाने और फोन करने पर दूसरी शादी करने की बात कही। इस बात से परिवार में हड़कम्प मच गया। मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष ने थाने के अलावा मुख्यमंत्री तक की है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरई निवासी उदय कुमार नायक पुत्र रूपनारायण नायक ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक शिकायती पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा है। बताया कि मऊमाफी में रहने वाले दिनेश तिवारी पुत्र रामरतन तिवारी द्वारा उसकी शादी मध्य प्रदेश के जिला विदिशा अंतर्गत थाना देहात गंज बसौदा अंतर्गत वार्ड नं. 21 ईदगाह रोड निवासी जितेन्द्र शर्मा की पुत्री आरती शर्मा से 23 फरवरी 2024 को चण्डी माता मंदिर नई बस्ती से करायी थी। बताया कि दिनेश तिवारी ने उसकी मां उमा से करीब 1.50 लाख रुपया शादी में खर्च करने के एवज में लिये और लड़की पक्ष को अच्छी तरह से जानने की बात कहते हुये गलत होने पर जिम्मेवारी भी ली थी। पीड़ित ने बताया कि शादी के दिन उसने अपने परिजनों के साथ आरती शर्मा को चांदी की पायल, करधौनी व सोने की झुमकी, मंगलसूत्र दिया था और शादी सम्पन्न हुयी थी। पीड़ित के अनुसार शादी के 6 माह तक आरती उनके साथ रही, फिर काम होने की बात कहते हुये मायके चली गयी और तब से अब तक वापस नहीं लौटी। आरती के जाने के बाद उन्होंने अपनी अलमारी देखी तो उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी रुपये भी गायब थे। जब उसने आरती से फोन पर सम्पर्क किया तो आरती ने वापस न आने की बात कहते हुये दूसरी शादी करने की बात कही। शिकायत करने पर आरती ने पूरे परिवार को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### सदर विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

## मंडी परिषद सहित 200 जर्जर सड़कों का हो पुनर्निर्माण: रामरतन कुशवाहा



**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिले की विधानसभा क्षेत्र की वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी करीब 200 सडक़ों के पुनर्निर्माण हेतु शासन स्तर पर याचिका प्रस्तुत की है। यह याचिका मुख्यमंत्री/संबंधित विभाग को प्रेषित की गई। जिसमें मंडी परिषद क्षेत्र की क्षतिग्रस्त एवं बदहाल सडक़ों को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर पुनः निर्माण कराए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। प्रस्तुत याचिका में विधायक सदर ने अवगत कराया कि मंडी परिषद क्षेत्र की अनेक सडक़ें लंबे समय से अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, जिन पर चलना आमजन, किसानों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों के लिए कठिन हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं तथा आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहता है। सदर विधायक ने याचिका के माध्यम से यह भी उल्लेख किया कि मंडी क्षेत्र होने के कारण यहां किसानों की उपज का आवागमन बड़े पैमाने पर होता है। खराब सडक़ों के कारण न केवल किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसी स्थिति में सडक़ों का शीघ्र पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। रामरतन कुशवाहा ने मांग की कि मंडी परिषद के अधीन वर्षों से जर्जर पड़ी सडक़ों को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी निर्माण कराया जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन मिल सके।

बार मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसौदिया ने बताया कि उनके अलावा अन्य क्षेत्रीय नागरिकों की ओर से भी याचिका प्रस्तुत कर जनभावनाओं से शासन को अवगत कराया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार जनहित की इस महत्वपूर्ण समस्या पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक स्वीकृति प्रदान करेगी। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं और सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सदैव जनता की आवाज शासन तक पहुंचाते रहेंगे।

### जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह को किया सम्मानित

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक में ललितपुर द्वितीय स्थान पर

**ललितपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) उत्तर प्रदेश के वर्ष 2026 सदस्यता विस्तार महाअभियान में ललितपुर जिले को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है, तो वहीं प्रथम स्थान पर कुशीनगर और तृतीय स्थान पर जनपद बस्ती रहा। मंडल अध्यक्ष झांसी एस.के. भदौरिया ने बताया कि इस बार मंडल के तीनों जिले झांसी, ललितपुर, जालौन का प्रदर्शन जोरदार रहा है और जनपद ललितपुर ने द्वितीय स्थान पाकर पूरे झांसी मंडल का नाम प्रदेश में रोशन किया है। विंध्याचल (मीरजापुर) की प्रदेश कार्यसमिति की वार्षिक बैठक में ललितपुर जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह की अथक मेहनत के





लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि सम्राट सिंह ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। संगठन के के कार्यो सक्रिय भागीदारी और समर्पण सराहनीय है। प्रदेश सचिव डा.बी.बी. गौर ने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि ललितपुर इकाई ने प्रांतीय नेतृत्व के दिशा-निर्देशों का प्रभावी ढंग से पालन किया और जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पर अन्य जिलों के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों ने बधाई प्रेषित की है। सोशल मीडिया पर पत्रकारों की बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर बीजेपी की मॉनिटरिंग सेल की बैठक संपन्न

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पंडित हरिश्चंद्र रावत ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला मॉनिटरिंग सेल की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है । जिसमें जिलाध्यक्ष द्वारा पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा अटल जन्म शादाब्दी समारोह, एस आई आर और वीर वाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष और एस आई आर जिला संयोजक हरिराम निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष और अटल जन्म शादाब्दी समारोह संयोजक प प्रदीप चौबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी रावत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, रूपेश साहू, धर्मेंद्र पाठक, जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला,अरुण द्विवेदी, किंजल हुंडत , श्याम बिहारी कौशिक, ध्रुव राजा, अरुण तिवारी, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, मनविंदर कौर आदि मौजूद थे।

## पनारी में ग्राम सभा की जमीन पर खेल प्रशासन सख्त, लगाया चेतावनी बोर्ड

**ललितपुर।** पनारी क्षेत्र में इन दिनों ग्राम सभा की जमीन को लेकर बड़ा खेल सामने आ रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा ग्राम सभा की भूमि का गलत तरीके से उपयोग कर प्लाट बेचे जा रहे हैं और भोले-भाले लोगों को धोखे में रखकर रजिस्ट्री कराई जा रही है। यह मामला सामने आने के बाद ललितपुर प्रशासन हरकत में आ गया है और संबंधित जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगाकर सख्त संदेश दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पनारी में स्थित सुधा बिहार कॉलोनी से निकलने वाला रास्ता ग्राम सभा की जमीन से होकर गुजरता है। इसी जमीन का सहारा लेकर कुछ कॉलोनाइजर और बिचौलिए प्लाट दिखाकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। लोगों को यह बताया जा रहा है कि जमीन वैध है, जबकि वास्तविकता में वह भूमि ग्राम सभा की है और उस पर किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त अवैध है। बताया जा रहा है कि पूर्व में ललित प्रशासन द्वारा ग्राम सभा की जमीन ग्राम प्रधान को सुपुर्द की गई थी। प्रशासन के आदेश के अनुपालन में लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से




ग्राम सभा की जमीन पर बोर्ड गाड़ा गया, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यह भूमि ग्राम सभा की है और इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण, बिक्री या रजिस्ट्री गैरकानूनी है। जैसे ही मामला प्रशासन के संज्ञान में आया, अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चेतावनी बोर्ड लगवाया और स्पष्ट किया कि ग्राम सभा की जमीन पर किसी भी तरह का सौदा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी संकेत दिए हैं कि यदि भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी सामने आती है तो संबंधित लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। प्रशासन ने ललितपुर और पनारी के निवासियों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें।

### खेल जीत व हार स्वीकार कर, संघर्ष से सीखना और आगे बढ़ना भी सिखाता है: डीएम

## जिलाधिकारी ने सांसद खेल महोत्सव का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ


**ललितपुर** । सांसद खेल प्रतियोगिता (सांसद खेल महोत्सव) 2025 का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं विधानसभा क्षेत्रों से आए सैकड़ों युवा खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, फुटबॉल सहित कई खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था, जो पूर्णतः सफल रहा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी श्री सत्यप्रकाश ने खिलाड़ियों को




संबोधित करते हुए कहा कि खेल आपको जीतना ही नही सिखाता, बल्कि हार को स्वीकार करना, संघर्ष से सीखना और आगे बढ़ना भी सिखाता है। खेल के मैदान में विकसित हुआ अनुशासन समयबद्धता और टीम भावना जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी बनती है। उन्होंने कहा कि आज हमारे ललितपुर के युवा जिला ऊर्जा, समर्पण और खेल भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं वह आने वाले समय में देश को स्वस्थ्य, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जायेगी। जिला प्रशासन आपकी प्रतिभा को निखारने हेतु आधारभूत सुविधाओं, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। अंत में जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों से यही कहा कि खेल को खेल भावना से खेलिये, मेहनत को अपना साथी बनाइये और लक्ष्य को अपनी पहचान। आपका परिश्रम ही आपके उज्वल भविष्य की नीव है। उन्होंने भविष्य की शुभकामनाओं के साथ अपनी बात समाप्त की। सांसद प्रतिनिधि अनिल पटेरिया ने अपने संबोधन में कहा - यह सांसद खेल प्रतियोगिता केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री जी के श्खेलो इंडियाश एवं श्फिट इंडियाश अभियान का हिस्सा है।

## लंगूरों के आतंक से जाखलोन निवासी परेशान



**ललितपुर।** कस्बा जाखलौन में काले मुंह वाले बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। आए दिन बंदरों के झुण्डों के अचानक गांव में घुसकर उत्पात मचाने से लोगों ने अपने फलदार बगीचे समाप्त कर खेती करना शुरू कर दिया है। बंदरों के झुंड के झुंड घरों में घुसकर हमलावर होकर तोडफ़ोड़ और खाने पीने की वस्तुओं को ले जाते हैं। जंगल और पहाड़ के निकट बसे होने के कारण कस्बावासी बंदरों के उत्पात से बेहद परेशान हैं। बड़ी संख्या में प्रतिदिन बंदर बस्ती में घुसकर घरों की छतों पर लगी छतरियों, सोलर पैनलों और नेटवर्क संचार के उपकरणों को छतिग्रस्त कर रहे हैं। घरों में महिलाओं और बच्चों से ये भयभीत होने के बजाय उन पर हमलावर हो जाते हैं। अब तो कभी कभी 15-20 बड़े बड़े बंदरों के झुंड घुसकर काफी उत्पात मचाने लगे हैं, जो परिवार सहित आने वाले बंदरों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। अब इनसे परेशान लोगों ने अपने घरों और बगीचों में फलदार पेड़ लगाना बंद कर दिया है। कस्बे के बड़े बड़े फलदार बगीचों को उनके मालिकों ने खेतों में बदलकर खेती करना प्रारंभ कर दिया है। बताते चलें कस्बे में कभी बुंदेला परिवारों, राव साहब परिवार और कौशिक परिवार के अमरूदों के बड़े बगीचे हुआ करते थे। जिनमें फलों के साथ सब्जी का उत्पादन होता था। बंदरों के उत्पात से अब सबने उनमें खेती करना प्रारंभ कर दिया है। घरों में सब्जी और फलदार पेड़ लगाने का भी कोई अर्थ नहीं बचा है। बंदर आए दिन इनमें घुसकर तहस नहस कर देते हैं।

# गोसेवा परमो धर्मः गोसेवा करना ही नारायण सेवा : पं. दिनेश संज्ञा

**ललितपुर।** भारत की संस्कृति में गाय को मां का स्थान दिया गया है। हमारे वेदों और पुराणों में गौ माता को 'धेनुइ कहा गया है जिसका अर्थ है, जो सबको पोषण दे।

दूध, दही, घी, गोबर और गौमूत्र, ये पांच अमृत तत्व न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी शुद्धता प्रदान करते हैं। आज के आधुनिक युग में जहाँ लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, वहीं गौ माता की सेवा का महत्व और भी बढ़ जाता है। गाय को माता मानकर सेवा करना धर्म, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा भी है। हमें गौमाता की सेवा और संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। गौ सेवा केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह समाज और पर्यावरण दोनों के लिए आवश्यक है। गौ माता का गोबर और गौमूत्र जैविक खेती के लिए वरदान है। यह खेतों की उर्वरक




क्षमता बढ़ाते हैं और रसायनों से मुक्त अन्न प्रदान करते हैं। इसी कारण भारतीय कृषि परंपरा सदियों से गौ माता पर आधारित रही है। लेकिन दुख की बात यह है कि आज कई गायें सड़कों पर भटक रही हैं, भूखी-प्यासी हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। ऐसे समय में गौशालाओं का महत्व और भी बढ़ जाता है। गौ सेवा ही नारायण सेवा है। गौ सेवा करने से मन को शांति मिलती है। यह पुण्य का कार्य है। प्राचीन काल से ही गौमाता की सेवा का महत्व शास्त्रों और पुराणों में बताया गया है। गाय न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि इसके साथ अनेक वैज्ञानिक तथ्यों को भी जोड़ा गया है जो मानव जीवन को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ बनाने में मदद करते हैं। गौ रक्षा का महत्व सिर्फ धार्मिक या सांस्कृतिक नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। प्राचीन भारत की अर्थव्यवस्था और जीवनशैली गाय पर आधारित थी। यदि आपको इन दिनों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, व्यापार मंदा हो, घर में पैसा टिकता नहीं बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है या फिर आए दिन पारिवारिक क्लेश के कारण घर की शांति भंग हो गई है तो कारण ग्रह दोष पीड़ा भी हो सकता है। यह बात सर्वमान्य है कि गाय में सभी देवी-देवताओं का निवास हैं।

# ईमानदारी और कर्मठता के प्रतीक थे चौ. चरणसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि किसानों के प्रिय नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरणसिंह का



नाम स्मरण होते ही खेतों और खलिहानों से उठती सौंधी सुगन्ध से मन रच बस जाता है। उनका जन्म ऐसे किसान परिवार में हुआ जिसकी दीवारें मिट्टी की और छत घासफूस की थी। वे सन् 1937 में कांग्रेस की ओर से उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायक निर्वाचित हुए। महात्मा गांधी के ग्रामाभिमुख विचारों से बड़े प्रभावित थे। ग्रामीण अर्थशास्त्र के व्यवहारिक चिंतक और असाधारण रूप से ईमानदारी और कर्मठता के प्रतीक थे। उनका पालन पोषण सीरधर खुदकाश्त सीमान्त किसान के परिवार में हुआ था। छोटी जोत के अर्धकिसान और अर्धमजदूर देश में आज भी 80 प्रतिशत से कम नहीं हैं। त्रेता युग में दुराग्रही दुर्योधन सुई की नोंक बराबर भी जमीन खेती करने वालों को नहीं देना चाहता था। आज भी प्रकान्तर से हालात वैसे ही जस की तस बने हुए हैं। अतीत में सरकारी और महाजनी कर्ज के दो पाटों के बीच में यदि किसान न पिस रहा होता तो देश में उनकी इतनी आत्महत्याएं न होती। उ.प्र. में जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार तथा चकबंदी योजना लागू करने में चौधरी साहब का महत्पूर्ण योगदान है। किसानों की आय दूनी कर देने की सिफारिश स्वामीनाथन आयोग ने की थी। तब से केन्द्रीय और प्रान्तीय सरकारें काफी प्रयत्नशील नजर आ रहीं हैं परन्तु जमीनी हकीकत ओझल है। कोविड 19 की पहली और दूसरी लहर में यह सच्चाई उभरकर आयी है कि खाद्य तेल, खाद्यान, उर्वरक, कृषि उपकरण, डीजल और पेट्रोल के दाम बेतहाशा उछाल पर हैं। साथ ही किसानों द्वारा उत्पादित अनाज शाक-सब्जी, फल- फलारी की कीमतों से सभी रसोईघरों का मिजाज बिगड़ गया है। हमें अपने आपसे पूछना होगा कि ऐसे हालात बिना कारण तो उपस्थित नहीं हो सकते। जो किसान अनाज और शाक-सब्जी पैदा कर रहें हैं क्या बड़ी हुई कीमतों को लाभांश की कानी कौड़ी भी उनकी अंटी में अट रही है? या बड़े-बड़े बिचौलिए मलाई छान रहे हैं? निश्चित रूप से चौ. चरणसिंह द्वारा रचित ग्रामीण अर्थशास्त्र के उनके ग्रन्थों से हम समाधान जान सकते है।

## राष्ट्रीय किसान दिवस पर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की मनाई जयंती



**ललितपुर।** राष्ट्रीय किसान दिवस पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर किसान दिवस मनाया। चौधरी चरण सिंह देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो पूरी दुनिया गांव ग्रामीण क्षेत्र को मजदूरों को ही मानते थे। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र 80 प्रतिशत आबादी बसती है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उनका हल लेते थे, उनकी जो समस्याएं होती थी उन्हें स्वयं अपने सामने समाधान करवाते थे। किसान और मजदूरों की मसीहा थे, सदैव उन्होंने गरीब मजदूर किसान और देश हित में ऐसा काम किया आज पूरी दुनिया उन्हें याद करती है। जब किसानों को आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ती थी, उनके अधिकार उन्हें मिलते थे। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी संरक्षक भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति, गजेंद्र सिंह 4 जी प्रधान प्रदेश मुख्य सचिव भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति, पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद जैन एड., पं.महेंद्र कुमार पाराशर, अजय एड., अजय सिंह राजपूत एड., रवि श्रीवास्तव एड., शशिकांत राजपूत, आनंद सिंह, कुसुमलता एड. हाईकोर्ट, गजराम लोधी, ऋषिपाल सिंह, शैलेंद्र कुमार जैन, अनूप ताम्रकार, जानकी प्रसाद बौद्ध, शशिकांत राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

## नियमित शिक्षक के साथ उसी विषय के अतिथि कर रहे साथ काम

# हाईकोर्ट डबल बेंच का आदेश भी नहीं मान रहे डीईओ!

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

इसको राजनैतिक दबाव कहें या फिर कोई और मजबूरी कि महत्वपूर्ण पद पर होते हुए भी जिला शिक्षाअधिकारी राजगढ़ हाईकोर्ट इंदौर बेंच का आदेश मानने भी तैयार नहीं। मामला शुरू होता है खुजनेर जनशिक्षक के पद से बखेड उच्चपद प्रभार देने एवं ज्वाइन करने के लिए जिलाशिक्षाधिकारी द्वारा रिलीव न करने से । कन्याशाला खुजनेर में जनशिक्षक के पद पर अतीक मंसूरी पदस्थ थे विभाग ने 6 अगस्त 24 को उच्च पद प्रभार लेने के लिए उन्हें ग्राम बखेड भेजा परंतु बिडम्बना शिक्षा विभाग ने उन्हें खुजनेर से कार्यमुक्त नही किया। जबकि 13 मार्च 25 को जिलापंचायत सीईओ ने कार्यमुक्त के निर्देश दिए परंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें फिर भी रिलीव नहीं किया। जिसके चलते शिक्षक मंसूरी ने उच्च न्यायालय इंदौर का दरबाजा खटखटाया और कोर्ट ने अतीक मंसूरी को बखेड स्कूल में ज्वाइन करने का आदेश दिया परंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें ज्वाइन नहीं करने दिया। जबकि वहां पर दूसरे शिक्षकों का अटैंचमेंट कर रखा है और उसी विषय का अतिथि भी काम कर रहा है जो डीईओ की मनमानी को प्रदर्शित करता है।




### जिला शिक्षाधिकारी द्वारा की गई हाईकोर्ट की अवमानना

हाईकोर्ट में अतीक मंसूरी द्वारा दायर पिटिशन के जबाव में कोर्ट ने 21 अगस्त 25 को दिए गए अपने आदेश में अतीक मंसूरी को बखेड स्कूल में ज्वाइनिंग के आदेश दिए परंतु हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी आज तक मंसूरी को बखेड में ज्वाइन नहीं करवाया। ऐसे कौन से कारण है कि डीईओ करनसिंह भिलाला कोर्ट की अवमानना करने से भी नहीं डर रहे हैं।

शिक्षा विभाग लगातार घोटालों का पुलिंदा बनता जा रहा है खिलचीपुर के ठगी शिक्षक को अभी भूले नहीं है, वहीं बोडा स्कूल में प्राचार्य द्वारा 50 लाख की अनियमितता का मामला भी जग जाहिर है। ऐसे में एक शिक्षक को कोर्ट के आदेश के बाद भी ज्वाइन नहीं करने दिया जा रहा जबकि बखेड में बायोलॉजी विषय पर एक नियमित अटैचमेंट शिक्षक नरेंद्र कुशवाहा और एक अतिथि शिक्षक एक ही विषय पर कार्य कर रहे हैं जबकि नियम अनुसार अतिथि शिक्षक को हटाना चाहिए था। साथ ही जहां नरेंद्र कुशवाहा की पोस्टिंग है वहां पर भी एक अन्य अतिथि शिक्षक को नियुक्त कर कार्य लिया जा रहा है।

### नियम विरुद्ध कामों की हो रही अनदेखी

शिक्षा विभाग में लगातार नियमों की अनदेखी की जा रही है और अधिकारी चुप है। कन्या खुजनेर में पदस्थ शिक्षक नरेन्द्र कुशवाहा बायोलॉजी का बखेड़ अटैचमेंट कर दिया जबकि उनकी पर्यवेक्षक अवधि भी समाप्त नहीं हुंई थी। हैरत तब हुई की उनकी जगह पर एक अतिथि एकता आचार्य को ज्वाइन कराया। इसी प्रकार जिस विद्यालय में नरेंद्र कुशवाहा का अटैचमेंट किया गया है उस विद्यालय (बखेड) में भी जीव विज्ञान विषय पर एक अतिथि शिक्षक गोविंद शर्मा कर रहे हैं। इस प्रकार नियमित शिक्षक के होने पर भी दो-दो अतिथि शिक्षकों को रखकर वेतन आहरित किया जा रहा है।

### इनका कहना है...

जहां नियमित शिक्षक है वहां पर अतिथि शिक्षक की जरूरत ही नहीं यदि ऐसा है तो वहां के प्राचार्य ने मुझे अवगत नहीं करवाया होगा। मैं इसको दिखवाता हूं।

**करनसिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ मप्र**

# चिकित्सक के अटैचमेंट से बिगड़ी स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था सुधरे इसका किसी भी जिम्मेदार ने भी सार्धक प्रयास किया ही नहीं है। माचलपुर स्वस्थ केंद्र में लंबे समय तक अपने आकाओं के दम पर नियम विरुद्ध अटैच रहे डाक्टर भरतलाल शाक्य का महिला चिकित्सक द्वारा यौन उत्पीडन के आरोपों के बाद स्थांतरण वा माचलपुर स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डाक्टर अमरसीह धार्वे के स्थांतरण के बाद महिला चिकित्सक पायल पाटीदार ने स्वास्थ केंद्र की व्यवस्थाएं बखूबी संभाली थी । पर उनके द्वारा भी अपने संबंधों के दम पर अपना अटेचमेंट उज्जैन संभाग के आगर जिले के नलखेड़ा करवा लिया। जिसके बाद शायद माचलपुर स्वास्थ केंद्र की व्यवस्थाएं सुधरे और यहां के लोगो को समुचित उपचार मिले यह जिम्मेदारों ने सोचा ही नहीं है।

विचारणीय बात यह है की जब स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डाक्टर अमर सिंह धार्वे का स्थांतरण हो गया था तो फिर यहां पर पदस्थ एक मात्र महिला चिकित्सक पायल पाटीदार का अटेचमेंट किस तरह और किसकी अनुशंसा पर हो गया और वो भी बिना जिम्मेदारों की सहमति के। जिले को ही नही संभाग को बदल कर अटैच कर दी गई। आगर जिले के नलखेड़ा अटैच महिला चिकित्सक का वेतन का आहरण आज भी माचलपुर स्वास्थ केंद्र से हो रहा है और वो अपनी सेवाएं अन्य संभाग के जिले में दे रही है। लंबे समय बाद भी माचलपुर स्वास्थ केंद्र बंध पत्र और संविदा चिकित्सकों के भरोसे धक्का लगाकर चलाया जा रहा है। जिनकी क्रमबद्ध तरीके से ड्यूटी लगाई गई है जो अपनी सेवाएं स्वास्थ केंद्र में प्रदान कर रहे हैं। इस स्वास्थ केंद्र में सौ से अधिक गांवों लगते है जो स्वास्थ सुविधाओ के लिए नगर के स्वास्थ केंद्र में आते हैं! पर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस स्वास्थ केंद्र का उन्नयन करवाना तो दूर इस की व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहे इस पर भी ध्यान नहीं दिया। स्वास्थ सुविधा ठीक से उपलब्ध ना होने से उन्हें झालावाड़ राजस्थान को जाना पड़ता है।

नगर के अधिकांश लोगों को आज भी यह पता नहीं है की यहां पदस्थ महिला चिकित्सक का अटेचमेंट हुआ है ना की स्थानांतरण। यह कहा का न्याय है यहां की जनता स्वास्थ सुविधाओ के लिए तरसे और यहां से वेतन का आहरण करने वाली चिकित्सक अन्य संभाग में अपनी सेवाए दे। इस बारे में बता करने पर स्वास्थ आयुक्त तरुण राठी से बात करने पर उनके द्वारा अटपटा जवाब देते हुवे कहा की आपको पता है ना की ऐसा क्यों हुआ जब उनसे यहां की बिगड़ती स्वास्थ व्यवस्था के बारे पूछा तो वह निरुत्तर नजर आए।

### इनका कहना है...

मेरी बात हो गई है दो तीन दिन में अटैचमेंट खत्म करवा दूंगा।

**हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर**

## ब्यावरा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन, मंत्री पंवार हुए सम्मिलित



**ब्यावरा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश में सेवा, सुशासन और विकास के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्यावरा विधानसभा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन मऊ सुठालिया में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन में मंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,जिला संयोजक निर्मल जैन, जिला महामंत्री ममता इंदौरिया, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नारायण सिंह सलरीयाखेड़ी,मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, राजू यादव, कल्याण गुर्जर, बलवान सिंह,जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा मौजूद रहे।

## राजगढ़ में पासपोर्ट ऑफिस खुलवाने जिला सदर ने लिखा पत्र

**राजगढ़।** राजधानी भोपाल के उपरान्त प्रदेश के कईं अन्य जिलों में पासपोर्ट ऑफिस खुल चुके हैं लेकिन राजगढ़ मुख्यालय पर पासपोर्ट ऑफिस खोलने की मांग काफी अर्से से पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में अंजुमन इस्लाम कमेटी के जिला सदर अब्दुल अनीफ खान ने राजगढ़ कलेक्टर को एक पत्र लिखते हुए जिले में पासपोर्ट दफ्तर खुलवाने की मांग रखी है।

खान ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर जिलों में पासपोर्ट ऑफिस खुल चुके हैं। अगर जिले के किसी बाशिंदे को अपना पासपोर्ट बनवाना हो तो उसे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, गुना जैसे शहरों में जाना पड़ता है। अगर राजगढ़ में ही पासपोर्ट ऑफिस कार्यालय खुल जाए तो हजारों लोगों को खासी सहुलियत हो जाएगी। जिला सदर ने कलेक्टर ने मांग रखी है कि इस बारे में मप्र शासन को प्रस्ताव भिजवाया जाए ताकि आमजनों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### जिले को बाल-सगाई और बाल-विवाह मुक्त बनाने अनवरत जारी हैं प्रयास

# शिक्षा चाहिए, शादी नहीं, बच्चों ने बाल विवाह के खिलाफ उठाई आवाज



**राजगढ़।** सर, हमारे क्षेत्र में झगड़ा कुप्रथा इसलिए पनपती है क्योंकि बच्चों की छोटी उम्र में ही सगाई कर दी जाती है। बाद में रिश्ता टूटता है तो लाखों रुपए का झगड़ा देना पड़ता है। यदि झगड़ा नहीं दिया गया तो फसलें काट ली जाती हैं, आगजनी कर दी जाती है। यह गंभीर और चैंकाने वाली बातें सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए सोमवार को आयोजित एक जागरुकता कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कही।

प्रशासन एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत सोमवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, किला अमरगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 13 से 15 गांवों से पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए। कई बच्चों ने बताया कि उन्हें खुद यह तक पता नहीं था कि उनकी सगाई कर दी गई है। इस पर अहिंसा टीम ने बच्चों को बताया कि कानून के अनुसार लड़की की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होने से पहले न तो विवाह किया जा सकता है और न ही सगाई।

## किसानों के सम्मान में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन




**कालापीपल।** कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर के राममंदिर चौराहे पर किसानों के सम्मान में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं कालापीपल से कांग्रेस के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी धरना प्रदर्शन में शामिल रहे। धरना प्रदर्शन में कुणाल चौधरी ने भाजपा सरकार पर तंज कसते कसा। चौधरी के नेत्रत्व में सभी उपस्थित जनों के साथ राम मंदिर चौराहे से पंचमुखी चौराहे तक हाथों में तख्ती लेकर रैली निकाली एवं तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान विषयों के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गणित विषय के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि विषय को सही ढंग से समझकर निरंतर परिश्रम करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल ने महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन एवं गणित में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए भारतीय वैज्ञानिकों की गौरवशाली परंपरा की जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में गणित विषय की प्राध्यापिका श्रीमती सोनम करोड़ियि ने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



उन्होंने श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन संघर्ष, शोध कार्य एवं गणित के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को विस्तारपूर्वक समझाया, जिससे छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिली। भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद वसीम शेख ने विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों में अधिक से अधिक रुचि लेने एवं अनुसंधान की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गणित विषय के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### पीपल चौराहे से हटेगा अतिक्रमण, सीएमओ ने की कार्रवाई

# सब्जी की दुकानें होंगी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सब्जी बाजार लगने के कारण पीपल चैराहा व राजगढ रोड पर अधिकतर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे यातायात बाधित होता है। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने सोमवार को दोपहर में सब्जी विक्रेताओं पर कार्यवाही करते हुए उन्हें चैराहे से हटाया व उनका सामान जब्त किया। पीपल चैराहे के यातायात को सुलभ करने सीएमओ इकरार अहमद स्वयं अतिक्रमण हटाते दिखाई दिए। उन्होने कहा की हम जल्दी ही इन सब्जी मंडी बिक्रेताओं को पंचमुखी हुनमान मंदिर पर शिफ्ट करने वाले है जहां पर इनको कोई परेशान नहीं करेगा और शहर का यातायात भी ठीक हो जाएगा।



### सालों से नहीं सुधर पा रही यातायात व्यवस्था

शहर की यातायात व्यवस्था कई सालों से दुरूस्त करने के लिए सालों से प्रयास किए जा रहे है परंतु यह ठीक होने का नाम ही नहीं ले रहा । यहां पर राजनैतिक दबाव के चलते अतिक्रमण नहीं हट पाता है एक बार फिर सीएमओ इकरार अहमद ने प्रयास किए है देखते है यह प्रयास कितने सफल होंगे।

### संघ कार्यालय में हुई बैठक

# सारंगपुर में 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियां हुईं तेज



**सारंगपुर।** नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को नगर स्थित संघ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सकल हिन्दू समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयोजन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग दायित्व तय किए गए। मंच व्यवस्था, अनुशासन व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात, अतिथियों के स्वागत, जलपान, सुरक्षा एवं प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संपर्क एवं जनजागरण अभियान पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठजनों ने सम्मेलन को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी बनाने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन से पूर्व पुनः समन्वय बैठकें आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से 18 जनवरी को आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान सर्व हिन्दू समाजजन मौजूद थे।

### संदिग्ध अपराधों की विवेचना के लिए सीहोर या विदिशा से बुलवाते हैं अफसर

# जिले में फोरेंसिंक जांच अधिकारी का पद 3 साल से रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे कि बलात्कार, संदिग्ध आत्महत्या, संदिग्ध हत्या और इसे जैसे अन्य गंभीर अपराधों की जांच के लिए फारेंसिंह जांच अधिकारी(एसएफएल) का पद ही बीते करीब 3 माह से रिक्त पड़ा हुआ है। गंभीर अपराधों की सूक्ष्मता से जांच एफएसफएल अधिकारी व टीम द्वारा ही की जाती है लेकिन उक्त पद रिक्त होने से जिले में गंभीरतम मामलों की जांच के अन्य अन्य जिलों के भरोसे रहना पड़ रहा है। करीब 3 वर्षों पूर्व पदस्थ एसएफएल अधिकारी श्री मिंज का तबादला अन्य जिले में होने के बाद पुलिस मुख्यालय से राजगढ़ जिले में किसी को नहीं भेजा गया। ऐसे में तभी से यह पद रिक्त पड़ा हुआ है। उक्त पद रिक्त होने से हत्या, मर्डर, लूट के मामलों में बारीकी से जांच करने के लिए सीहोर या विदिशा से टीम बुलवाई जाती है। जब तक यह टीम यह संदिग्ध मामले की जांच करने जिले में पहुंचती है तब तक संबंधित मृतक या पीड़ति परिवार को घंटों तक इंतेजार करना पड़ता है। साथ ही स्थानीय पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी भी तब तक मौके पर ही परेशान होते रहते हैं, जब तक एसएफएल की टीम विदिशा या सीहोर से नहीं आ पाती है।

### अनेक संदिग्ध मामलों में नहीं हो पाती सूक्ष्म जांच




संदिग्ध आत्महत्या, हत्या के प्रकरणों की जांच एफएफएल टीम द्वारा करना ही बेहतर होता है क्योंकि तभी सूक्ष्मता और बारीकी के साथ हर पहलू पर जांच हो पाती है। कभी-कभी आत्महत्या जैसे मामले सामान्य नहीं होते बल्कि उन्हें अपराधियों द्वारा कारित कर हत्या छिपाने के तमाम प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में जब तक एसएफएल की टीम जांच न करे तब तक सच्चाई सामने नहीं आ पाती। जिस अपराध को पुलिस सामान्य समझती रहती है, उसके अपराधी पुलिस की पहुंच से ही दूर हो जाया करते हैं।

### पीड़ित के साथ ही पुलिस भी परेशान

फारेंसिक टीम के सीहोर या विदिशा से राजगढ़ आने में ही काफी समय लग जाता है। ऐसे में संदिग्ध घटनाक्रम के मामलों में उक्त टीम जब तक नहीं आती है तब तक पीड़तिों, मृतकों के परिजनों के साथ ही स्थानीय पुलिस भी परेशान होती रहती है। क्या होती है फारेंसिक जांच विभिन्न तरह के अपराधों की वैज्ञानिक व अन्य तकनीकी पहलुओं के साथ सघनता से जांच करने घटना स्थल से मिले सबूतों जैसे डीएनएम, फिंगर प्रिंट, रक्त कण आदि को एकत्रित कर उन्हें प्रयोगशाला में भेजा जाता है। प्रयोगशाला जांच और न्यायालय में सटीक तथ्यों के आधार पर दोषियों को सजा मिल पाती है। इस फारेसिंह जांच में डीएनएम विश्लेषण, जहर विज्ञान, बैलिस्टिक्स जैसी कई वैज्ञानिक शाखाएं शामिल होती हैं।

### पत्राचार किया है

हां, यह सही है कि जिले में फोरेंसिक जांच अधिकारी काफी अर्से से नहीं है। संदिग्ध घटनाक्रमों में हमें दूसरे जिलों से उन्हें बुलवाना पड़ता है। सेपरेट पदस्थापना के लिए हमने पुलिस मुख्यालय से पत्राचार किए हुए हैं।

**अमित तोलानी, पुलिस अधीक्षक**